मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-64
29/01/2021

# मुख्यमंत्री से रमण मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध पर्यावरणविद् जलपुरूष डॉ0 राजेन्द्र सिंह ने की मुलाकात

पटना, 29 जनवरी 2021 :– 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से रमण मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध पर्यावरणविद् जलपुरूष डॉ0 राजेन्द्र सिंह ने मुलाकात की। मुलाकात के दौरान भारत पुनर्निर्माण अभियान के तत्वावधान में 30 जनवरी 2021 से 12 फरवरी 2021 तक आयोजित बिहार संवाद यात्रा के संबंध में डॉ0 राजेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी। डॉ0 राजेन्द्र सिंह बिहार संवाद यात्रा की शुरूआत लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जन्मभूमि सिताब दियारा से करेंगे। डॉ0 राजेन्द्र सिंह ने बिहार में पर्यावरण संरक्षण के लिये चलाये जा रहे जल–जीवन–हरियाली अभियान के बारे में मुख्यमंत्री से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिये बिहार में चलाये जा रहे इस अभियान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि 'जल को संरक्षित कर और हरियाली को बढ़ावा देकर हमलोग आने वाली पीढ़ी की रक्षा कर सकेंगे' मुख्यमंत्री की यह सोच काफी दूरदर्शी है। ज्ञात हो कि 19 जनवरी 2020 को पर्यावरण संरक्षण के पक्ष में बिहार के लोगों ने मानव श्रृंखला बनायी थी, जिसमें जलपुरूष डॉ0 राजेन्द्र सिंह भी शामिल हुये थे।

मुख्यमंत्री ने बिहार संवाद यात्रा की सफलता की कामना करते हुये जलपुरूष डॉ0 राजेन्द्र सिंह को अपनी शुभकामनायें दीं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के परामर्शी श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्री मनोहर मानव भी उपस्थित थे।

******